| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ठाकुर | ठकुराइन | धोबी | धोबिन | जेठ | जेठानी | हंस | हंसिनी |
| चौधरी | चौधराइन | शेर | शेरनी | इंद्र | इंद्राणी | स्वामी | स्वामिनी |
| अनुज | अनुजा | सेवक | सेविका | गोप | गोपी | देवर | देवरानी |
| बुद्धिमान | बुद्धिमती | सेठ | सेठानी | गुणवान | गुणवती | सुत | सुता |
| कवि | कवयित्री | बाल | बाला | शिष्य | शिष्या | सबल | सबला |
| पिता | माता | नाना | नानी | नर | मादा | सम्राट | साम्राज्ञी |
| पाठक | पाठिका | ससुर | सास | अध्यापक | अध्यापिका | लेखक | लेखिका |
| भाई | भाभी, बहिन | निरीक्षक | निरीक्षिका | विधुर | विधवा | याचक | याचिका |
| बालक | बालिका | भाग्यवान | भाग्यवती | अग्रज | अग्रजा | श्रीमान | श्रीमति |
| श्याम | श्यामा | रूपवान | रूपवती | | | | |

अतः ये शब्द स्त्रीलिंग शब्द हैं।

## कुछ अन्य महत्वपूर्ण बातें

* अ, आ, आव, पा, पन, क, त्व, आवा तथा औड़ा से समाप्त होने वाले शब्द प्रायः पुल्लिग होते हैं।
* जैसे–खेल (अ) घोड़ा (आ) मोटापा (पा), बचपन (पन) चढ़ावा (आवा) तत्व (त्व) आदि।
* आ, ता, आई, आवट, इया तथा आहट आदि प्रत्यय लगाकर भी कुछ शब्द स्त्रीलिंग बनाये जाते हैं।
* जैसे–(आ) कविता (ता) मिठाई (आई) लिखावट (आवट) डिबिया (इया)
* कुछ अंगों के नाम पुल्लिग तथा कुछ स्त्रीलिंग होते हैं:
* हाथ, पैर, गला, कान, सिर, घुटना, दाँत आदि-पुल्लिग
* आँख, नाक, जीभ, पलकें, ठोडी आदि-स्त्रीलिंग
* आभूषण, परिधान तथा कुछ मसाले भी स्त्रीलिंग के अंतर्गत आते हैं: साड़ी, कमीज, पगडी, हल्दी, मिर्च, धनिया आदि।
* कुछ शब्दों का प्रयोग स्त्रीलिंग एवं पुल्लिग दोनों रूपों में किया जाता है। जैसे– डॉक्टर, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, प्रोफेसर, प्रधानमंत्री, पत्रकार, प्रबंधक आदि।

## आइए अभ्यास करें

## पुस्तक से

1. लिंग किसे कहते हैं?

जिन शब्दों से उनके स्त्री या पुरुष जाति के होने का पता चलता है उन्हें लिंग कहते हैं।

2. उदाहरण सहित लिंग के भेद स्पष्ट कीजिए।

पुल्लिंग – धोबी सेठ चूहा पिता

स्त्रीलिंग – धोबिन सेठानी चुहिया माता

3. सदैव स्त्रीलिंग के दो उदाहरण बताइए।

______________________

4. रंगीन शब्द का लिंग बदलकर उसको खाली स्थान पर लिखिए:

(क) हलवाई मिठाई बना रहा है ______ उन्हें सजा रही है।
(ख) बाप सो रहा है और ______ शावकों को दूध पिला रही है।
(ग) फिल्म में ______ और नायिका का अभिनय कमाल का है।
(घ) विवाह में घोड़ी के स्थान पर ______ कहाँ से आये।
(ङ) बादशाह अपनी ______ के साथ शिकार पर गये हैं।
(च) ______ और वधु को आशीर्वाद दीजिए।

5. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बताकर उनको वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

(क) चावल ______________________
(ख) खड़ी बोली ______________________
(ग) मंडली ______________________
(घ) हवन ______________________
(ङ) कुर्सी ______________________
(च) पलाश ______________________

6. लिंग बदलिए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) माली | ______ | (ख) चिड़ा | ______ |
| (ग) तपस्वी | ______ | (घ) पंडित | ______ |
| (ङ) श्रीमान | ______ | (च) सेवक | ______ |
| (छ) जुलाब | ______ | (ज) कवि | ______ |
| (झ) वीर | ______ | (ञ) सम्राट | ______ |

7. शब्द छाँटकर उचित स्थान पर लिखिए:

सागर, हिंदी, जेल, कलम, थैला, कमरा, डिबिया, चना, आम,
थैली, भाटी, पहाड़ी, कुम्हार, मिठाई, पैसा, डिपाल, रथ, चवैना

— हिंदी, जेल, डिबिया, पहाड़ी, सिलाई,

— सागर, कलम, पेला, कमरा, चना, आम, भादो, बुधवार, पैसा, [illegible] रथ चावेगा।

वाक्यों के रंगीन शब्दों के लिंग बताइए

नाज बड़ी जोर की बारिश हुई। स्त्रीलिंग

केले का पत्ता पूजा के लिए चाहिए। पुल्लिंग

पहाड़ी रास्ता बड़ा तंग है। पुल्लिंग

मेरी अलमारी की किताबें गायब हैं। स्त्रीलिंग

छाता रख लो, बारिश हो सकती है। पुल्लिंग

सीधे जाइए और दाएँ मुड़ जाइए। पुल्लिंग

में—

मंत्री जैसे शब्द व्याकरण के प्राचीनतम रूप में उभयलिंगी शब्द कहलाते हैं।

कुछ सिद्धान्तों को आधार बनाकर स्त्रीलिंग, पुल्लिंग तथा उभयलिंग के पाँच-पाँच शब्द छाँटिए।

| स्त्रीलिंग | पुल्लिंग | उभयलिंग |
| --- | --- | --- |
| कवयित्री | कवि | शिक्षक |
| माता | पिता | भीड़ |
| बालिका | बालक | सेना |
| मादा | नर | विद्यार्थी |

करिए—

मनपसंद कविता से लिंग शब्द छाँटकर उनके भेद बताइए—